# राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार

## लेखा परीक्षा निदेशालय

(प्रशासन शाखा)

चतुर्थ तल, सी विंग ,
दिल्ली सचिवालय ,
नई दिल्ली।

संख्या : फ 9(12)/ले. नि./प्रशासन/2011/ 7868-7870 दिनांक : 26-10-2015

**विषय : हिंदी टिप्पण - प्रारूपण प्रोत्साहन प्रतियोगता - 2015 (स्वेच्छा से) कार्य करने की मूल्यांकन अवधि 01.10.2014 से 31.03.2015 तक के सन्दर्भ में.**

उपरोक्त विषय पर आधारित भाषा विभाग, दिल्ली सरकार से प्राप्त सलंग्न पत्र संख्या 6589-6749 दिनांक 14.09.2015 सूचनार्थ एवं उचित कार्यवाही हेतु प्रेषित है ताकि सम्बंधित शाखाओं के योग्य अधिकारीयों/कर्मचारियों के नाम, विभागाध्यक्ष की अनुशंसा के पश्चात् , समयानुसार भाषा विभाग को प्रेषित किये जा सकें।

यह पत्र सक्षम अधिकारी के पूर्वानुमोदन के पश्चात जारी किया गया है ।

सलंग्न : उपरोक्त अनुसार

अलका 26/10/15

**(अलका बंसल)**
**सहायक लेखा अधिकारी (प्रशासन)**
**दूरभाष : 23392280.**

प्रतिलिपि : -

1. सभी शाखा प्रमुख, लेखा परीक्षा निदेशालय, दिल्ली सरकार ।
2. नोडल अधिकारी (वेबसाइट), लेखा परीक्षा निदेशालय।
3. सूचना पट्ट, लेखा परीक्षा निदेशालय ।

**राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार**
**कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग, सी–विंग, सातवां तल,**
**आई.पी.एस्टेट, दिल्ली सचिवालय,नई दिल्ली ।**

**फा.सं. 05(03)/2015–16/क0सं0 एवं भाषा/6589–6749** **दिनांक:** 14/9/2015

सेवा में,

**समस्त विभागाध्यक्ष**
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, दिल्ली/नई दिल्ली ।

**विषय: हिन्दी टिप्पण–प्रारूपण प्रोत्साहन पुरस्कार प्रतियोगिता–2015 (स्वेच्छा से) कार्य करने की मूल्यांकन अवधि 01.10.2014 से 31.03.2015 तक ।**

महोदय/महोदया,

सरकारी कामकाज में राजभाषा हिन्दी का अधिकाधिक प्रयोग बढ़ाने, इसका प्रचार–प्रसार करने तथा कार्यालय कार्य हिन्दी में करने के प्रति रूचि पैदा करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी हिन्दी टिप्पण प्रारूपण प्रोत्साहन पुरस्कार प्रतियोगिता (स्वेच्छा से) का आयोजन किया जा रहा है । इस योजना के अधीन हिन्दी में सबसे अधिक कार्य करने वाले विभाग को विभागीय पुरस्कार के रूप में एक राजभाषा शील्ड, 20 राजपत्रित अधिकारियों तथा 33 अराजपत्रित कर्मचारियों को नकद पुरस्कार राशि, पदक व प्रशस्ति पत्र दिये जायेंगे । इस प्रतियोगिता के लिये अधिकारी वर्ग के लिये 20 पुरस्कारों में से 5 पुरस्कार अहिन्दी भाषी अधिकारियों को दिये जाने का प्रस्ताव है । यदि अहिन्दी भाषी अधिकारी उपलब्ध नहीं होते हैं तो उनके स्थान पर ये पुरस्कार हिन्दी भाषी अधिकारियों को दिये जायेंगे। इस प्रतियोगिता के लिये हिन्दी में कार्य करने की मूल्यांकन **अवधि 01.10.2014 से 31.03.2015 तक)** निर्धारित की गई है। **प्रतियोगिता की नियमावली एवं फार्म इसके साथ संलग्न है।**

समस्त विभागाध्यक्षों से अनुरोध है कि इस प्रतियोगिता में केवल उन्ही अधिकारियों/कर्मचारियों के नाम भेजें जिन अधिकारियों/कर्मचारियों के हिन्दी में किये गये कार्यो से वे स्वयं संतुष्ट हों। **इस परिपत्र के साथ संलग्न फार्म भी कार्यालयाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष द्वारा सत्यापित होना चाहिये।**

कृपया अपने विभाग/कार्यालय के अधिकारियों/कर्मचारियों को इस प्रतियोगिता के बारे में अवगत कराने का कष्ट करें और हिन्दी में कार्य करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के नाम मूल्यांकन की अवधि को ध्यान में रखते हुये निर्धारित प्रपत्र में अतिशीघ्र तथा **दिनांक 20 नवम्बर, 2015** तक इस विभाग को भिजवाने का कष्ट करें । निरीक्षण संबंधी सूचना अलग से यथासमय दे दी जायेगी ।

कृपया इसे प्राथमिकता दें ।

**टीप: संबंधित जानकारी विभाग की वेबसाइट www.artandculture.delhigovt.nic.in पर देखी जा सकती है।**

भवदीय

(सुरेश कुमार शर्मा)
हिन्दी अधिकारी (कला, संस्कृति एवं भाषा)

जारी–/2........

260/c

# हिन्दी टिप्पण–प्रारूपण प्रोत्साहन पुरस्कार प्रतियोगिता (स्वेच्छा से) की नियमावली
## (वर्ष 2015–2016)

1. **इस प्रतियोगिता का नाम हिन्दी टिप्पण व प्रारूपण प्रोत्साहन पुरस्कार प्रतियोगिता (स्वेच्छा से) होगा।**

2. इस प्रतियोगिता का उद्देश्य दिल्ली सरकार के विभागों में हिन्दी के प्रयोग को प्रोत्साहन देना तथा अधिकारियों/कर्मचारियों में हिन्दी में सरकारी कामकाज के प्रति रूचि पैदा करना है ।

3. इस प्रतियोगिता में दिल्ली सरकार के भाषा विभाग, दिल्ली नगर निगम (पूर्वी, दक्षिणी, उत्तरी), नई दिल्ली नगर पालिका परिषद्, दिल्ली जल बोर्ड, दिल्ली ट्रांसको लि0, हिन्दी आशुलिपिक, हिन्दी अकादमी, दिल्ली पुलिस तथा किसी अन्य विभाग के राजभाषा विभाग में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों को छोड़कर दिल्ली सरकार के समस्त विभगों/स्वायत्त निकायों/निगम के अधिकारी/कर्मचारी भाग ले सकते हैं ।

4. **इस प्रतियोगिता के मूल्यांकन की अवधि 01.10.2014 से 31.03.2015 (01 अक्टूबर, 2014 से 31 मार्च, 2015) तक होगी ।**

5. उपर्युक्त अवधि में हिन्दी में लिखी टीपों/प्रारूपों की जांच की जायेगी ।

6. टीप के बीच में आए पारिभाषिक अंग्रेजी शब्दों पर कोई आपत्ति नहीं होगी । हिन्दी में नोट लिखते समय किसी अंग्रेजी शब्द को देवनागरी/रोमन में लिखने पर टीप हिन्दी में ही मानी जायेगी । व्याकरण/वर्तनी (स्पेलिंग) की छोटी–मोटी भूलों पर ध्यान नहीं दिया जायेगा ।

7. टीप में "देखा", "धन्यवाद", "कृपया चर्चा करें", "फाईल करें" इत्यादि शब्दों को भी एक–एक लाईन माना जायेगा।

8. हिन्दी में सबसे अधिक कार्य करने वाले विभाग को विभागीय पुरस्कार के रूप में एक राजभाषा शील्ड भी दी जायेगी।

9. प्रतियोगिता में दो वर्ग होंगें (1) अधिकारी वर्ग, इस वर्ग में अधीक्षक, समकक्ष एवं उच्च अधिकारी तथा (2) कर्मचारी वर्ग में लिपिक से लेकर सहायक के पद तक तथा अपने विभाग में डायरी, डिस्पैच, अन्य सरकारी कार्य या उच्च अधिकारियों द्वारा सौंपा गया विभागीय कार्य हिन्दी में करने वाले चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सम्मिलित होंगे।

10. दोनों वर्गो में पुरस्कार राशि निम्न प्रकार से होगी:–

| | **पुरस्कारों की संख्या** | **वर्तमान राशि** |
|---|---|---|
| (1) अधिकारी वर्ग | 20 पुरस्कार | 4000/–रूपये (प्रत्येक) |
| (2) कर्मचारी वर्ग | प्रथम पुरस्कार | 4000/–रूपये (एक) |
| | द्वितीय पुरस्कार | 3000/–रूपये (एक) |
| | तृतीय पुरस्कार | 2000/–रूपये (एक) |
| | प्रोत्साहन पुरस्कार | 800/–रूपये (तीस)(प्रत्येक) |

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार
(कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग)

**हिन्दी टिप्पण व प्रारूपण प्रोत्साहन पुरस्कार प्रतियोगिता (स्वेच्छा से) वर्ष 2015–2016 में भाग लेने के लिये अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा भरे जाने वाला निर्धारित प्रपत्र :–**

**( मूल्यांकन की अवधि 01.10.2014 से 31.03.2015 तक )**

1. अधिकारी/कर्मचारी का नाम :

2. पिता/पति का नाम :

3. पदनाम **(ग्रेड पे सहित)** :

4. विभाग का नाम व पूरा पता
दूरभाष/मोबाईल संख्या सहित
**(दूरभाष संख्या लिखना अनिवार्य है)** :

5. **हिन्दी में किए गए कार्यों का ब्यौरा
(प्रतिलिपि सहित)** :

6. प्रतियोगिता में भाग लेने वाले
अधिकारी/कर्मचारी के हस्ताक्षर :

**कार्यालयाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष
के हस्ताक्षर एवं मोहर**